प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बंगाल में अम्फान प्रभावित इलाकों का दौरा करने के बाद शुरुआती तौर पर 1000 करोड़ रुपये की आर्थिक मदद का ऐलान किया, कहा कि वह इस दुःख की घड़ी में पश्चिम बंगाल के साथ

लॉकडाउन के कारण चोटिल पिता को साइकिल पर गुरुग्राम से बिहार ले जाने वाली ज्योति को साइकिलिंग में मिल सकता है मौका, ट्रायल में थोड़ी भी खरी उतरती है तो उसे विशेष ट्रेनिंग और कोचिंग मुहैया कराई जाएगी

बिहार की राजनीति अब पोस्टर वार से एक कदम आगे बढ़ते हुए कविता वार की ओर बढ़ चली, राजद एवं जदयू की ने कविताओं के जरिए एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाए

रेलवे आज से आरक्षित टिकटों की बुकिंगध्कैंसिल डाकघरों, यात्री टिकट सुविधा केन्द्रों और आईआरसीटीसी के अधिकृत एजेंटों के साथ-साथ रेलवे आरक्षण केंद्रों और कॉमन सर्विस सेंटरों पर शुरू करेगा


युवराज

NEWS TODAY Update

# न्यूज़ टुडे

RNI:- BIHHIN05409

www.newstodayupdate.in

आपकी आवाज़

राष्ट्रीय हिन्दी पाक्षिक

वर्ष : 06 अंक : 08+22 तिथि : 22 मई 2020 मूल्य : निःशुल्क प्रधान संपादक : डा. राजेश अस्थाना - 9471005272, 8210595830

email: newstodaymth@gmail.com website : newstodayupdate.in


# न्यूज़ टुडे लॉक डाउन स्पेशल रोजाना अंक

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बंगाल में अम्फान प्रभावित इलाकों का दौरा करने के बाद शुरुआती तौर पर 1000 करोड़ रुपये की आर्थिक मदद का ऐलान किया, कहा कि वह इस दुःख की घड़ी में पश्चिम बंगाल के साथ



न्यूज टुडे एक्सक्लूसिव :




डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,

सुपर साइक्लोन 'अम्फान' ओडिशा और पश्चिम बंगाल में भारी तबाही मचाने के बाद गुरुवार को कमजोर पड़ गया. बंगाल में चक्रवात अम्फान ने भारी तबाही मचाई है. पिछले 283 साल में आया ये अब तक का सबसे भयानक चक्रवात था. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बंगाल में अम्फान प्रभावित इलाकों का दौरा करने के बाद शुरुआती तौर पर 1000 करोड़ रुपये की आर्थिक मदद का ऐलान किया है. पीएम मोदी ने कहा कि वह इस दुख की घड़ी में पश्चिम बंगाल के साथ हैं.

कोरोना संकट से निपटने के लिए देशव्यापी लॉकडाउन लागू होने के 57 दिनों के बाद प्रध ाानमंत्री दिल्ली से बाहर निकले. जनता कर्फ्यू से काउंट करें तो देश में लगे लॉकडाउन को 59 दिन हो गए हैं. इस बीच प्रधानमंत्री दिल्ली में ही रहे हैं. इतने दिनों में उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए ही देश के अंदर और अंतरराष्ट्रीय बैठकों में हिस्सा लिया. वहीं, लॉकडाउन से पहले पीएम मोदी आखिरी बार 83 दिन पहले 29 फरवरी को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज और चित्रकूट के दौरे पर गए थे.

पीएम मोदी ने कहा, 'जब देश में कोरोना वायरस का संकट है, तब पूर्वी क्षेत्र में तूफान ने प्रभावित किया. राज्य और केंद्र सरकार दोनों ने इस तूफान को लेकर तैयारी की थी, ले. किन इसके बावजूद 80 लोगों की जान हम नहीं बचा पाए हैं. इस तूफान की वजह से काफी संपत्ति का नुकसान हुआ है, जिसमें घर उजड़े हैं और इन्फ्रास्ट्रक्चर को बड़ा नुकसान हुआ है.'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बंगाल में अम्फान प्रभावित इलाकों में मृतकों के परिजनों के लिए मुआवजे का ऐलान किया गया है. पीएम मोदी ने राहत कोष से मृतकों के परिजनों को 2 लाख रुपये का मुआवजा देने का ऐलान किया है.

पीएम मोदी बंगाल में अम्फान चक्रवात प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वे किया, इस दौरान ममता बनर्जी भी उनके साथ मौजूद रहीं. ममता बनर्जी ने पीएम मोदी से अम्फान को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग की.

इसके पहले सीएम ममता बनर्जी ने पीएम मोदी का कोलकाता एयरपोर्ट पर स्वागत किया. इस दौरान बाबुल सुप्रियो, प्रताप चंद्र सारंगी और देवश्री चौधरी भी मौजूद रहे.

## लॉकडाउन के कारण चोटिल पिता को साइकिल पर गुरुग्राम से बिहार ले जाने वाली ज्योति को साइकिलिंग में मिल सकता है मौका, ट्रायल में थोड़ी भी खरी उतरती हैं तो उसे विशेष ट्रेनिंग और कोचिंग मुहैया कराई जाएगी



सार्थक पहल:




डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,

भारतीय साइकिलिंग महासंघ के निदेशक वीएन सिंह ने कोरोना वायरस के कारण लॉकडाउन में अपने पिता को साइकिल पर बिठाकर ग्रुरुग्राम से बिहार के दरभंगा पहुंची ज्योति को क्षमतावान करार देते हुए कहा कि महासंघ उसे ट्रायल का मौका देगा और अगर वह सीएफआइ के मानकों पर थोड़ी भी खरी उतरती हैं तो उसे विशेष ट्रेनिंग और कोचिंग मुहैया कराई जाएगी।

मीडिया में आई खबरों के मुताबिक ज्योति लॉकडाउन में अपने पिता मोहसन पासवान को साइकिल पर बिठाकर एक हजार किमी से ज्यादा की दूरी आठ दिन में तय करके ग्रुरुग्राम से बिहार के दरभंगा पहुंची थी। ज्योति ने रोजाना 100 से 150 किमी साइकिल चलाई। वीएन सिंह ने कहा कि महासंघ हमेशा प्रतिभावान खिलाड़ियों की तलाश में रहता है और अगर ज्योति में क्षमता है तो उसकी पूरी मदद की जाएगी।

वीएन सिंह ने कहा कि हम तो ऐसे प्रतिभावान खिलाडि़;ों की तलाश में लगे रहते हैं और अगर लड़की में इस तरह की क्षमता है तो हम उसे जरूर मौका देंगे। आगे उसे ट्रेनिंग और कोचिंग शिविर में डाल सकते हैं। उससे पहले हालांकि हम उसको परखेंगे। अगर वह हमारे मापदंड पर खरी उतरती है तो उसकी पूरी सहायता करेंगे। विदेशों से आयात की गई साइकिल पर उसे ट्रेनिंग कराएंगे।

लॉकडाउन के बाद ज्योति को ट्रायल का मौका देने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मैंने उससे बात की थी और उसे बता दिया है कि लॉकडाउन खत्म होने के बाद जब भी मौका मिलेगा वह दिल्ली आए और उसका इंदिरा गांधी स्टेडियम में हम उसका छोटा सा टेस्ट लेंगे। हमारे पास वाटबाइक होती है जो स्थिर बाइक है। इस पर बच्चे को बैठाकर चार-पांच मिनट का टेस्ट किया जाता है। इससे पता चल जाता है कि खिलाड़ी और उसके पैरों में कितनी क्षमता है। वह अगर इतनी दूरी साइकिल चलाकर गई है तो निश्चित तौर पर उसमें क्षमता है।

वीएन सिंह ने स्वीकार किया कि 15 साल की बच्ची के लिए रोजाना 100 किमी से अधिक साइकिल चलाना आसान काम नहीं है। मैं मीडिया में आई खबरों के आधार पर ही बोल रहा हूं लेकिन अगर उसने सचमुच ऐसा किया है तो वह काफी सक्षम है।

ज्योति के पिता ग्ररुग्राम में रिक्शा चलाते थे और उनके दुर्घटना का शिकार होने के बाद वह अपनी मां और जीजा के साथ गुरुग्राम आई थी और फिर पिता की देखभाल के लिए वहीं रुक गई। इसी बीच कोरोना के कारण लॉकडाउन की घोषणा हो गई और ज्योति के पिता का काम ठप पड़ गया। ऐसे में ज्योति ने पिता के साथ साइकिल पर वापस गांव का सफर तय करने का फैसला किया। अपने घर में ही पृथकवास का समय काट रही ज्योति ने कहा कि अगर उन्हें मौका मिलता है तो वह ट्रायल के लिए तैयार है।

## बिहार की राजनीति अब पोस्टर वार से एक कदम आगे बढ़ते हुए कविता वार की ओर बढ़ चली, राजद एवं जदयू की ने कविताओं के जरिए एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाए






आशीष राज,
स्थानीय संपादक,

बिहार की राजनीति अब पोस्टर वार से एक कदम आगे बढ़ते हुए कविता वार की ओर बढ़ चली है। गुरुवार को राजद एवं जदयू की तरफ से कविताओं के जरिए एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाए गए। शुरुआत राजद नेता तेजस्वी यादव की तरफ से की गई, जिसके जवाब में जदयू की ओर से सूचना एवं जन-संपर्क मंत्री नीरज कुमार ने कमान संभाली। दोनों नेताओं की कविताओं में तुकबंदी के जरिए एक-दूसरे को कठघरे में खड़ा किया गया।

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने लंबी कविता लिखकर सरकार पर कई तरह की खामियों एवं अनियमितताओं का आरोप लगाया। सीधी-सपाट भाषा में कविता के जरिए नेता प्रतिपक्ष ने लिखा है कि इस सरकार ने मजदूरों को मंझधार में छोड़ दिया है। अपराध बढ़ रहे हैं। महंगाई पर नियंत्रण नहीं है और कोरोना से लडने में सरकार लाचार है।

जवाब में मंत्री नीरज कुमार ने भी लालू परिवार पर कई तरह के आरोप लगाए। उन्होंने लिखा कि आपदा के समय तेजस्वी अक्सर बिहार से बाहर रहते हैं। नीरज ने तेजस्वी को सत्ता पाने का लालची करार दिया और लालू-राबड़ी के शासन काल की कमियों की लंबी सूची का उल्लेख किया।

## आरा ( भोजपुर ) में कोरोना वायरस संक्रमण को लेकर लॉकडाउन मे मीडिया कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका सराहनीय, कोरोना योद्धा के रूप मे किया गया सम्मानित







अमरेन्द्र मिश्रा, संवाददाता

आरा ( भोजपुर ) में कोरोना वायरस संक्रमण को लेकर लॉकडाउन मे मीडिया कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका सराहनीय रही है। अपनी जान की परवाह किए बिना दिन रात हर पल की खबरों के साथ अपडेट रहने वाले कोरोना योद्धाओं को भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष डाक्टर प्रेम रंजन चतुर्वेदी जी के नेतृत्व में जिला के सभी मीडिया कोरोना योद्धा के रूप में अंग वस्त्र, मास्क व फूलमाला से स्वागत किया गया।

लाकडाउन मे जब पूरा देश की 130 करोड जनता अपने घरों में रह रहे है ऐसे मे मीडिया कर्मी सरकार और जनता के बीच सेतू के तौर पर काम कर रहे है। कोरोंना वायरस से लड़ने मे जिस तरह से डाक्टर, अस्पताल कर्मी, सफाई कर्मी, पुलिस कर्मी, सरकारी अफसरों की तरह ही मीडियाकर्मियों भी कोरोना योद्धा के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान करने के लिए सभी मीडिया कर्मियों को सम्मानित भाजपा के जिला पदाधिकारियों ने किया।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष लव पांडेय, जिला कोषाध्यक्ष दीपक सिंह , जिला मीडिया प्रमुख डाक्टर रमेश कुमार सिन्हा उर्फ कर्ण जी, नवीन प्रकाश, डाक्टर सुरेन्द्र सागर, मनीष प्रभात, संजय कुमार सिंह, किसान मोर्चा के अध्यक्ष रंगवहादुर यादव, कार्यालय प्रभारी सचिन कुमार सिन्हा, आईटी व सोशल मीडिया कुमार गौतम, व्यवसाय प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक संजीव पाण्डेय, अभिमन्यु सिंह, रवि रंजन सिंह, सुमित सिंह, मुकेश शर्मा आदि उपस्थित थे।

## गया में भयानक सड़क हादसा, खनन विभाग की एस्कॉर्ट जीप को ट्रक ने मारी टक्कर, 4 की मौत



विकाश शर्मा, संवाददाता




गया में शुक्रवार सुबह हुए एक भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गयी जबकि कई लोग घायल हैं. जानकारी के मुताबिक यह हादसा गया के पंचानपुर के धर्मशाला के पास हुआ जहां माइनिंग विभाग की एक एस्कॉर्ट गाड़ी में ट्रक ने सीधी टक्कर मार दी. गाड़ी में मौजूद चार लोगों की मौके पर मौत हो गयी.

### मृतको में ड्राइवर और तीन पुलिसवाले

टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि 4 लोगों की मौत हो गई है. मृतकों में एस्कॉर्ट गाड़ी का ड्राइवर 2 होमगार्ड जवान और एक सैप का जवान भी शामिल है. मामले की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची जिसके बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए एएनएमसीएच अस्पताल भेजा जा रहा है.

### सुबह में हुआ हादसा

घटना शुक्रवार की सुबह की बताई जाती है जब माइनिंग विभाग की टीम एस्कॉर्ट के लिए सड़क पर थी तभी ये हादसा हुआ. इस हादसे में कुछ लोगों के घायल होने की भी सूचना है.

## रेलवे आज से आरक्षित टिकटों की बुकिंगध्कैंसिल डाकघरों, यात्री टिकट सुविधा केन्द्रों और आईआरसीटीसी के अधिकृत एजेंटों के साथ-साथ रेलवे आरक्षण केंद्रों और कॉमन सर्विस सेंटरों पर शुरू



ई. युवराज,
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,




रेलवे आज से देशभर में आरक्षित टिकटों(रिजर्वेशन टिकट) की बुकिंग के लिए अपने आरक्षित काउंटर(रिजर्वेशन काउंटर) खोलेगा। रेलवे ने जानकारी दी है कि आज से आरक्षित टिकटों की बुकिंगध्कैंसिल डाकघरों, यात्री टिकट सुविधा केन्द्रों और आईआरसीटीसी के अधिकृत एजेंटों के साथ-साथ आरक्षण केंद्रों के यात्री आरक्षण प्रणाली काउंटरों और कॉमन सर्विस सेंटरों पर शुरू होगी।

रेल मंत्रालय ने गुरुवार(21 मई) को इसको लेकर जानकारी दी थी। रेलवे ने कहा कि भारतीय रेलवे 22 मई से चरणबद्ध तरीके से आरक्षित टिकटों की बुकिंग के लिए अपने आरक्षण काउंटर खोलेगी। आज से 1.75 लाख सामुदायिक सेवा केंद्रों से टिकटों की बुकिंग शुरू होगी। गौरतलब है कि फिलहाल आइआरसीटीसी की वेबसाइट और एप से ट्रेन के टिकटों की बुकिंग हो रही है।

आज से रेलवे स्टेशनों पर काउंटरों से टिकट बुकिंग शुरू होगी। इस बीच नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर रेल रिजर्वेशन सेंटर के बाहर अभी से लोग लाइन लगा के खड़े हुए हैं। एक व्यक्ति ने बताया कि हमें जब कल रात को इसकी जानकारी मिली तो हम आज सुबह 4बजे ही यहां आ गए। टिकट मिल जाएगा तो हम अपने घर जा सकेंगे।

भारतीय रेलवे 1 जून से (प्दकपंद तंपसूंले) 200 नई ट्रेनें चलाने जा रहा है। रेलवे ने पहली जून से 200 यात्री ट्रेनों की बुकिंग गुरुवार(21 मई) को शुरू कर दी है। इन ट्रेनों के लिए गुरुवार(21 मई) सुबह 10 बजे से शुरू हुई ऑनलाइन बुकिंग के पहले चार घ ंटों में ही 5.51 लाख टिकट बुक हो गए।टिकट बुकिंग की मारामारी के बीच रेल मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि शुक्रवार से देश के लगभग पौने दो लाख सामुदायिक सेवा केंद्रों (सीएससी) से टिकट बुकिंग शुरू हो जाएगी।

### खास बातें:

आज से 1.75 लाख सामुदायिक सेवा केंद्रों से भी होगी बुकिंग
टिकट एजेंट भी आज से कर सकेंगे इन ट्रेनों के लिए टिकट बुकिंग
एक-दो दिन में कुछ स्टेशनों पर खुल सकती है टिकट खिड़की
कुछ और ट्रेनों के संचालन पर भी जल्द फैसले की उम्मीद

रेलवे की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, जोनल रेलवे को स्थानीय जरूरतों और शर्तों के अनुसार आरक्षण काउंटर खोलने का निर्णय लेने और सूचित करने के निर्देश दिए गए हैं। ये आरक्षण काउंटर चरणबद्ध तरीके से 22 मई से खुलेंगे, साथ ही अपने संबंधित स्थानों और स्थानीय समय के अनुसार सूचनाओं का प्रसार भी होगा।

इन सभी बुकिंग सुविधाओं को एक बार फिर से खोला जाना, यात्री रेल सेवाओं की श्रेणीबद्ध बहाली में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। इससे आरक्षित ट्रेनों में भारत के सभी हिस्सों के संभावित यात्रियों के लिए टिकट बुकिंग का काम आसान हो जाएगा। मंत्रालय ने यह भी कहा कि क्षेत्रीय रेलवे को मानक शारीरिक दूरी दिशानिर्देशों का पालन करना होगा और कोविड-19 महामारी को देखते हुए स्वच्छता प्रोटोकॉल का भी पालन करना होगा।

## शुक्रवार को आए आंकड़ों के अनुसार देश भर में कोरोना के 24 घंटे में सर्वाधिक 6100 नए मामले, 148 की हुई मौत



सम्राट, संवाददाता




देश भर में कोरोना वायरस के करीब 6100 मामले बीते 24 घंटे यानी गुरुवार की सुबह 8 बजे से शुक्रवार की सबह 7 बजे के बीच में आए. शुक्रवार को आए आंकड़ों के अनुसार देश भर में कोरोना के कुल मामले 1,18,447 हो गए हैं जिसमें से 66,330 एक्टिव केस, 48,533 डिस्चार्ज, 3,583 की मौत और 1 मरीज ठीक होने से पहले ही विदेश जा चुका है. आंकड़ों के अनुसार बीते 24 घंटे में देश भर में 6,088 नये मामले सामने आए

अब तक अंडमान-निकोबार में 33, आंध्र प्रदेश में 2647, अरुणाचल प्रदेश में 1 , असम 203, बिहार 1982, चंडीगढ़ 217, छत्तीसगढ़ 128, दादर -नगर हवेली 1, दिल्ली 11659, गोवा 52, गुजरात 12905, हरियाणा 1031, जम्मू-कश्मीर 1449, झारखंड 290, कर्नाटक 1605, केरल 690, लद्दाख 44, मध्य प्रदेश 5981, महाराष्ट्र में 41642, मणिपुर 25, मेघालय 14, मिजोरम 1, ओडिशा 1103, पुड्डुचेरी 20, पंजाब 2028, राजस्थान 6227, तमिलनाडु 13967, उत्तराखंड 146, उत्तर प्रदेश 5515 और पश्चिम बंगाल में 3197 ,त्रिपुरा 173, तेलंगाना 1699 और हिमाचल प्रदेश में 152 मामले सामने आए हैं.


NEWS TODAY Update न्यूज़ टुडे Yuvaraj Media & Entertainment
Web News Portal: www.newstodayupdate.in राष्ट्रीय हिन्दी मासिक पत्रिका An Ideal Film Production
बस एक क्लिक कीजिए
देश दुनिया की खबर के साथ अपनी खबर भी देखिए
www.newstodayupdate.in
A Fast Growing Web News Portal
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830



Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830

रजि० कार्यालय : अष्ठाना निवास, मठिया जिरात, मोतिहारी-845401
समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें- 9471005272

Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830